श्री गणेशाय नमः

गणितविनोद

तीसरा अध्याय

भिन्न

(१) जब किसी भाज्य की संख्या में भाजक का भाग देने से लब्धि पूरी नहीं आती और कुछ शेष रहता है, वहां जो लब्धि आती है वही भिन्न संख्या है यथा २५ में ४ का भाग देने से ६ लब्धि पूर्ण संख्या होगी और शेष १ रहेगा वह ४ से भाजित करना है वह कोई पूरी संख्या हो नहीं सकी तो कोई खंड पूर्णांक संख्या का होगा यही भिन्न है॥

(२) भिन्न संख्या के लिखने की यह रीति है कि एक आड़ी लकीर खींचकर ऊपर की ओर भाज्य की संख्या और नीचे भाजक की संख्या लिखते हैं और भाज्य की संख्या को अंश और भाजक की संख्या को हर बोलते हैं यथा $\frac{२}{३}$ इसमें २ अंश और ३ हर हैं $\frac{२}{३}$ इस भिन्न से यह मालूम होता है कि कोई दो वस्तु हैं जो तीन स्थानों में बांटी गई हैं अथवा किसी एकही वस्तु के ३ भाग किये गये हैं जिनमें से दो टुकड़े हैं॥

(३) भिन्न संख्या के पढ़ने की यह रीति है कि जितना अंश में है उतने बटे हर को कहेंगे यथा $\frac{२}{५}$ इसे दो बटे पांच यों पढ़ेंगे॥

(४) जब किसी भिन्न संख्या में अंश का मान हर से बड़ा है तो वह एक से बड़ी होगी और जो हर अंश समान हों तो वह एक के बराबर होगी और जब हर से अंश छोटा हो तो उसका मान १ से कम होगा॥

(५) जब किसी पूर्णांक संख्या को भिन्न के रूप में दिखलाना होता है तो नीचे १ का हर रख देते हैं॥

(६) जो किसी भिन्नसंख्या के अंश और हर दोनों को किसी एकही संख्या से भाग दें

अथवा गुण दें तो उसके मान में फ़र्क नहीं होता- जैसे $\frac{२}{५}$ इसके हर और अंश दोनों को ३ से गुणा तो $\frac{६}{१५}$ हुए तो $\frac{२}{५} = \frac{६}{१५}$ क्योंकि $\frac{२}{५}$ यह किसी संख्या के ५ भाग किये में से २ हिस्सों को इकट्ठा होना जताता है अगर मानें कि वह संख्या जिस के भाग किये हैं १५ है तो पांचवां भाग उसका ३ होगा और ऐसेही २ भाग भाग इकट्ठे होंगे तो ६ होंगे और जब उस संख्या के १५ भाग कर के ६ इकट्ठे करेंगे तब भी ६ होंगे इसी से मालूम हुआ कि $\frac{२}{५} = \frac{६}{१५}$ इसी प्रकार $\frac{६}{१५} = \frac{२}{५}$ के ॥

(७) जब किसी भिन्न संख्या को पूर्णांक संख्या से गुणना है तो पूर्णांक संख्या को केवल अंश से गुणा कर दो अथवा हर जो पूर्णांक संख्या से पूरा भाजित हो सका है तो भाजित कर दो वह गुणन फल हो जायगा इसी प्रकार जब किसी भिन्न संख्या को पूर्णांक संख्या से भाजित करना हो तो या तो हर से उस पूर्णांक संख्या को गुणा कर दो अथवा अंश पूरा भाजित हो तो भाजित कर दो ॥

(८) भिन्न संख्या चार प्रकार की है अर्थात्- साधारणभिन्न वा भागजाति प्रभाग जाति- भागानुबंध और मिश्रभिन्न

(१) साधारणभिन्न वा भागजाति — यह भिन्न है जिसके हर और अंश में कोई दो पूर्णांक संख्या हो यथा $\frac{४}{७}$ और $\frac{६}{५}$ आदि

साधारण भिन्न दो प्रकार की है एक समभिन्न दूसरी बिषमभिन्न

जब साधारण भिन्न में अंश हर से कम हो वही समभिन्न कहावेगी यथा $\frac{४}{५}$, $\frac{८}{९}$, $\frac{११}{१२}$ आदि जब हर से अंश बड़ा हो अथवा तुल्य हो तो बिषमभिन्न कहीजायगी यथा $\frac{५}{४}$, $\frac{६}{५}$, $\frac{२}{२}$ इत्यादि

(२) प्रभागजाति - भिन्न के भिन्न को कहते हैं यथा $\frac{१}{३}$ का $\frac{४}{५}$, $\frac{२}{३}$ का $\frac{१}{२}$ का $\frac{२}{७}$ आदि

(३) भागानुबंध - जितमें पूर्णांक और भिन्न मिला रहता है यथा ३ $\frac{२}{५}$, २ $\frac{१}{३}$, ५ $\frac{३}{७}$ इत्यादि ३ $\frac{२}{५}$ यह भिन्न ३ पूर्णांक और $\frac{२}{५}$ भिन्न संख्या के योग के

समान है इन में केवल योग का चिन्ह नहीं लिखते इसी भांति पूर्णांक और किसी भिन्न संख्या के अंतर से भी एक भेद भिन्न का हो सक्ता है लेकिन उसके लिये कोई खास रीति लिखने की नहीं बनाई गई ॥

(४) मिश्र भिन्न — जिस भिन्न संख्या के हर और अंश दोनों अथवा दोनों में से एक में पूर्वोक्त भिन्न हों उसे मिश्र भिन्न कहते हैं

यथा $\frac{\frac{2}{5}}{\frac{3}{4}}$, $\frac{\frac{2}{5}}{\frac{3}{4}}$, $\frac{2\frac{2}{3}}{1\frac{5}{7}}$, $\frac{\frac{3}{2} \text{ का } \frac{3}{4}}{\frac{5}{7}}$ आदि

किसी २ मिश्र भिन्न संख्या के हर में एकही भिन्नात्मक हर नहीं किन्तु अनेक भिन्नात्मक हर जुड़े हुए अथवा घटे हुए चले जाते हैं ऐसे मिश्र भिन्न को वितत भिन्न कहते हैं यथा $\frac{3+\frac{3}{4}}{5+\frac{6}{7}}$, $\frac{3-\frac{3}{4}}{5-\frac{3}{7}}$

भिन्नों का रूप भेद

भिन्नों के योग, अन्तर, गुणन, भाग इत्यादि जितनी क्रिया होती हैं वे साधारण भिन्नही से होती हैं इसी वास्ते प्रत्येक भिन्न संख्या को साधारण भिन्न के रूप में लाना इस बात को जानना अति आवश्यक है इसीसे प्रथम हर एक भिन्न को साधारण भिन्न के रूप में लाने की क्रिया बताई जाती है साधारण भिन्न में जब हर अंश बहुत बड़े होते हैं तो क्रिया करने में अधिक श्रम पड़ता है इसी वास्ते किसी बड़ी साधारण भिन्न को लघुतमरूप करके फिर कोई क्रिया करना ज़रूर है ॥

लघुतम रूप करना

(५) भिन्न का लघुतमरूप वह है कि जब उसके हर और अंश दोनों में किसी एकही संख्या का भाग देंतो पूरा २ न भाजित हो सके — जब किसी साधारण भिन्न संख्या के हर और अंश में किसी एकही अंक का भाग देने से कुल पूरा भाग लग सक्ता हो लगा दो और फिर भी किसी अंक का भाग जाता हो यों जब तक करो कि फिर किसी अंक का पूरा हर और अंश हो सके तो

वही भिन्न का लघुतम रूप होगा ॥

(१०) यहां पर थोड़े से ऐसे कायदे बयान किये जाते हैं जिनसे लड़के ये द्दखूबी जान सकें कि हर और अंश में किस संख्या का पूरा २ भाग जा सक्ता है

(१) जिन संख्याओं के ऊपर एक शून्य होगा उनमें १० का और जिन पर दो शून्य हों उनमें १०० का इसी प्रकार हज़ार इत्यादि का पूरा २ भाग लगेगा यथा ५०. ५०० इत्यादि में ॥

(२) जिन संख्याओं की इकाई के स्थान का अंक पूरा होगा अर्थात् उसमें २ का पूरा भाग जाय गा उन संपूर्ण संख्याओं में भी पूरा भाग लगे गा यथा १६ और ३६ इत्यादि में ॥

(३) जिन संख्याओं के ऊपर की दो अंकों की संख्या में ४ का पूरा भाग जाय गा वह सब संख्या भी ४ से पूरी भाजित होगी ऐसे ही जिस संख्या के ऊपर के तीन अंकों में ८ का यथा क्रम १६ और ३२ आदि का भाग लग जाय तो वे इ अंकों से पूरी २ भाजित होजायगी जैसे ६२४०५३२० इत्यादि

(४) जिन संख्याओं की इकाई के स्थान में शून्य या ५ हों वे ५ से पूरी भाजित होंगी जैसे १२० व ६२५

(५) जिन संख्याओं के सब अंकों का योग ३ वा ९ से पूरा भाजित होगा वे संख्या इन अंकों से पूरी २ भाजित हो जायगी जैसे ३४२०८२८०५९८५ इत्यादि ॥

(६) कोई दो संख्याओं में से छोटी संख्या का बड़ी संख्या में भाग दो और फिर जो शेष रहे उसका भाजक में भाग दो फिर भी जो शेष रहे उसका पहिले शेष अर्थात् दूसरे भाजक में भाग दो यों ही करते चले जाओ अंत पर जिस संख्या का पूरा भाग जाय उसी का असली दोनों संख्याओं में भी पूरा २ भाग जाय गा ऐसी बड़ी से बड़ी संख्या को जिसका दो आदि संख्याओं में पूरा २ भाग जाता हो उस संख्या को उन दो आदि संख्याओं का सम महत्तम अपवर्तक बोलते हैं ॥

(उदाहरण) $\frac{२८}{३२०}$, $\frac{२८}{७२}$, $\frac{३७५०}{३२४८}$, $\frac{३२५}{४५५}$, $\frac{४३५}{१३६३}$ इन भिन्नों का लघुतम रूप करो ॥

उत्तर

(१) $\frac{२}{३}, \frac{३}{४}, \frac{३}{४}, \frac{६४}{१०५}, \frac{९}{१७}, \frac{११}{२६}, \frac{३०}{४१}, \frac{११५}{१५१}, \frac{५}{१३}, \frac{११}{२५}$

(२) $\frac{३}{७}, \frac{१२३}{२०१}, \frac{१३}{१७}, \frac{१३०}{४२१}, \frac{१५}{२३}, \frac{२९४}{३६५}, \frac{८}{११}, \frac{२०२}{७}, \frac{१७}{२७}$

(३) $\frac{९}{१२}, \frac{१५३७}{२९१५}, \frac{११}{१३}, \frac{७}{१०}, \frac{९}{२२}, \frac{३७}{६६}, \frac{११}{१६}, \frac{२२१}{३६१}$

(४) $\frac{३४}{३५}, \frac{९}{११}, \frac{५२}{५५}, \frac{२}{३}, \frac{४}{११}, \frac{५३}{११११}, \frac{९}{२५}, \frac{७}{३५}$

(५) $\frac{१}{२}, \frac{१}{५}, \frac{९९}{१००}, \frac{३}{१९}, \frac{१}{९}, \frac{४}{१५}, \frac{१०६९}{१३१५}, \frac{१}{२}$

विषम भिन्न को भागानुबंध बनाने का प्रकार॥

(१२) विषम भिन्न के अंश की संख्या में हर का भाग देकर लब्धि को पूर्णांक और शेष को अंश और भाजक अथवा पूर्वोक्त हर को हर के स्थान में रख दो वही भागानुबंध का रूप होगा जहां भिन्न संख्या का लघुतम होसके कर दो

जैसे उदाहरण $\frac{१७}{५}$ को भागानुबंध का रूप दो

यहां १७ में ५ का भाग देने से ३ लब्धि और २ शेष रहे इसीलिये $\frac{१७}{५} = ३\frac{२}{५}$ उत्तर

अभ्यास के लिये उदाहरण

नीचे लिखे भिन्नों को भागानुबंधु के रूप में लाओ॥

(१) $\frac{३२५}{१६}, \frac{६२८}{२५}, \frac{५४२}{४८}, \frac{९८२}{७५}, \frac{१०२५}{२५}, \frac{१४५४६}{१२१}, \frac{७५७}{९}$

(२) $\frac{६३}{८}, \frac{११३}{९}, \frac{६४८}{१०८}, \frac{५९०१}{६३}, \frac{४६३२५}{३७२४}, \frac{१९८१}{४००} = \frac{१२६७२}{८०००}$

(३) $\frac{६३२६२५}{१७४१}, \frac{२५७१३}{११९८}, \frac{९९०५}{२४७२}, \frac{६२५}{३१९}, \frac{२५५}{९८}, \frac{९५९५०}{९९९९}$

उत्तर

(१) $२०\frac{५}{१६}, २५\frac{३}{२५}, ११\frac{७}{२४}, १३\frac{१}{१५}, ४१, १२\frac{९४}{१२१}, ८४\frac{१}{९}$

(२) $७\frac{७}{८}, १२\frac{५}{९}, ६, ९२\frac{५}{६३}, १२\frac{१६६७}{३७२४}, ४\frac{८१}{४००}, १\frac{४६७२}{८०००}$

(३) $३६३\frac{३४२}{१७४१}, २२\frac{१७}{११९८}, ३\frac{१३८९}{२४७२}, १\frac{३०६}{३१९}, २\frac{५९}{९८}, ९९\frac{४६}{९९९९}$

सभाग जाति से भाग जाति बनाने का प्रकार

(१३) सभाग जाति के सब अंशों का गुणन फल भाग जाति का अंश और हरों का गुणन फल हर होगा इस अंश हर की संख्या के रखने पर जो भाग जाति बने उसका लघुतम रूप यदि होता हो कर लेना चाहिये—अथवा सभाग

जाति के सब अंशों की संख्याओं को गुणन के चिन्हों के साथ अंश रखकर और इसी प्रकार हरोंकी संख्या को हरों में रखकर जो एक ही संख्या हों उन्हें छोड़ दो और भी शेष संख्याओं में से हर और अंश की कोई दो दो संख्याओं में किसी एकही अंक का भाग जाता हो तो भाग देकर केवल लब्धि रखनो इन सब लब्धियों अथवा शेष संख्याओं का गुणन फल यथा क्रम अंश और हर में रखने से लघुतम भागानु बंध का रूप निकल आवेगा॥

(उदाहरण) $\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४}$ इसको साधारण भिन्न बनाओ॥

$\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४} = \frac{२×३}{३×४} = \frac{६}{१२} = \frac{१}{२}$ अथवा $\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४} = \frac{२×३}{३×४} = \frac{१×१}{१×२} = \frac{१}{२}$

(उदाहरण २) २८ का $\frac{६}{१५}$ का $\frac{२}{३}$ का $\frac{५}{८}$ का $\frac{३}{७}$ को साधारण भिन्न बनाओ

२८ का $\frac{१}{१५}$ का $\frac{२}{३}$ का $\frac{५}{८}$ का $\frac{३}{७} = \frac{२८×१×२×५×३}{१×१५×३×८×७} = \frac{७×४×२×५}{५×३×४×२×७} = \frac{१}{३}$

अभ्यास के लिये उदाहरण

नीचे लिखे भभागजाति को भागजाति बनाओ॥

(प्र०१) $\frac{१}{२}$ का $\frac{२}{३}$, $\frac{३}{५}$ का $\frac{८}{९}$, $\frac{५}{७}$ का $\frac{७}{२}$ का $\frac{६}{२१}$, $\frac{८}{५}$ का $\frac{१५}{१६}$ का $\frac{३}{२}$ का ४

(प्र०२) $\frac{३}{२}$ का $\frac{३}{४}$ का $\frac{४}{५}$, ८ के $\frac{३}{७}$ के $\frac{५}{८}$ के $\frac{७}{६}$, $\frac{१}{२}$ का १$\frac{१}{२}$ का २$\frac{१}{२}$ का ५$\frac{१}{२}$

(प्र०३) $\frac{१}{२}$ का $\frac{३}{४}$ का $\frac{५}{७}$ का $\frac{१७}{१३}$ का $\frac{१७}{१२}$, $\frac{१}{२}$ के $\frac{३}{२}$ के $\frac{३}{४}$ के $\frac{१}{}$ का $\frac{१}{१६}$ का $\frac{१}{४}$

उत्तर

(१) $\frac{१}{३}$, $\frac{८}{१५}$, $\frac{१०}{२१}$, ४ (२) $\frac{३}{५}$, $\frac{५}{६}$, ८$\frac{१}{३}$ (३) $\frac{२८०५}{१३८३२}$, $\frac{१}{१२८०}$

भागानुबंध को भागजाति बनाने का प्रकार

(१४) भागानुबंध के पूर्णांक की संख्या को हर से गुणा कर गुणन फल में अंश जोड़ दो इस योग को अंश के स्थान में रखकर पूर्वोक्त हर को हर के स्थान में रख दो वही भाग जाति होगा

उदाहरण ३$\frac{२}{५}$ को भागजाति बनाओ

यहां ३ पूर्ण संख्या को ५ हर की संख्या से गुणा किया और गुणन फल में २ अर्थात् अंश की संख्या मिलाई तो ३$\frac{२}{५} = \frac{३×५+२}{५} = \frac{१७}{५}$ यही भाग जाति हुआ

अभ्यास के लिये उदाहरण

नीचे लिखे भागानुबंध को भाग जाति बनाओ ॥

(१) $२\frac{१}{२}$, $३\frac{३}{४}$, $८\frac{७}{८}$, $१२\frac{५}{१६}$, $१२\frac{८१}{१००}$, $५६\frac{१२}{१७}$, $५\frac{३}{२}$, $८\frac{७}{३}$, $३\frac{१}{२}$

(२) $४७\frac{८}{१५}$, $१२४\frac{४४}{१०९}$, $५२८\frac{३२२}{४३५}$, $७५४\frac{२९६}{६२५}$, $१०\frac{१२}{५}$, $७\frac{३}{५}$,

(३) $९१\frac{२}{३}$, $१३\frac{३}{२}$, $५\frac{५}{२}$, $७\frac{५}{२}$, $१२\frac{१}{६}$, $१४\frac{३}{५}$, $९\frac{२}{७}$, $६\frac{१}{३}$

उत्तर

(१) $\frac{५}{२}$, $\frac{१५}{४}$, $\frac{७१}{८}$, $\frac{१९७}{१६}$, $\frac{१२८१}{१००}$, $\frac{९६४}{१७}$, $\frac{१३}{२}$, $\frac{२६}{३}$, $\frac{७}{२}$

(२) $\frac{७१३}{१५}$, $\frac{३०१०}{१०९}$, $\frac{२३०००२}{४३५}$, $\frac{४७१२९६}{६२५}$, $\frac{६२}{५}$, $\frac{३८}{५}$,

(३) $\frac{२७५}{३}$, $\frac{२९}{२}$, $\frac{१५}{२}$, $\frac{१९}{२}$, $\frac{७३}{६}$, $\frac{६५}{७}$, $\frac{१९}{३}$

हम कह आये हैं कि भागानुबंध एक पूर्ण संख्या और भिन्न के योग से बना है इसी प्रकार जब किसी पूर्ण संख्या में किसी भिन्न संख्या को घटाना हो तो पूर्ण संख्या और हर के गुणन फल में अंश की संख्या घटा दो शेष अंश और पूर्वोक्त हर हर के स्थान में रखने से अंतर भागानुबंध होगा ॥

उदाहरण $२-\frac{२}{५}=\frac{३×५-२}{५}=\frac{१३}{५}$

इसी प्रकार से नीचे के प्रश्नों का उत्तर निकालो

(१) $५-\frac{३}{४}$, $२५-\frac{२५}{३२}$, $१८-\frac{४}{१८}$, $३-\frac{१२१}{६२५}$, $७-\frac{७}{१५}$

(उ०) $\frac{१७}{४}$, $\frac{७७५}{३२}$, $\frac{३२०}{१८}$, $\frac{१७५४}{६२५}$, $\frac{९८}{१५}$

मिश्र भिन्न को भाग जाति बनाने का प्रकार

(१५) अंश के स्थान में जो भाग जाति है उसके अंश को हर के स्थान के भाग जाति के हर से गुण दो उसे भाग जाति के अंश स्थान में रक्खो फिर अंश स्थान के भाग जाति की हर की संख्या को हर स्थान के भाग जाति के अंश से गुणकर हर में रक्खो यही भाग जाति का रूप होगा ॥

यहां जो हर या अंश के स्थान में कोई पूर्णांक संख्या हो तो उसमें एक का [illegible] भाग जाति बनालो अथवा [illegible] हो तो उसे भी भाग जाति बनालो ॥

विततभिन्न

विततभिन्न जैसा कि ऊपर बयान हुआ एक प्रकार को मिश्रभिन्न है और वे भी इसी मिश्रभिन्न की क्रिया से साधारण भिन्न बनते हैं॥

(उदाहरण) $\frac{1}{2+\frac{1}{3+\frac{1}{4}}}$ को साधारण भिन्न बनाओ इसे यों भी लिखते हैं

$\frac{1}{2+}\;\frac{1}{3+}\;\frac{1}{4} = \frac{1}{2+\frac{1}{3+\frac{1}{4}}} = \frac{1}{2+\frac{1}{\frac{13}{4}}} = \frac{1}{2+\frac{4}{13}} = \frac{1}{\frac{30}{13}} = \frac{13}{30}$ उ॰ यहां याद रहे कि $3+\frac{1}{4}$ और $3\frac{1}{4}$ का एक ही अर्थ है जैसा कि हम भागानुबंध में कह आये।

अभ्यासार्थ उदाहरण

नीचे लिखे हुई वितत भिन्नों को भागजाति बनाओ ?

(१) $\frac{1}{2+}\;\frac{1}{5+}\;\frac{1}{3+}\;\frac{1}{4}$, $1+\frac{1}{3+\frac{1}{2+\frac{3}{14}}}$, $\frac{1}{13}$ का $\frac{1}{1+\frac{1}{3+\frac{1}{4}}}$

(२) $6+\frac{1}{2+\frac{1}{3+\frac{1}{4}}}$, $11+\frac{1}{8-\frac{1}{2}}$, $\frac{1}{1-\frac{1}{2-\frac{1}{2}}}$

उत्तर

(१) $\frac{69}{151}$, $\frac{138}{107}$, $\frac{3}{52}$ (२) $6\frac{13}{30}$, $11\frac{2}{15}$, $\frac{5}{2}$

भिन्नों के लघुतम समच्छेद करने की रीति

जिन भिन्नों का एक सा हर करना हो उन सब के हरों का लघुतम समापवर्त्य निकालो तब फिर इस लघुतम समापवर्त्य में प्रत्येक भिन्न के हर का भाग देकर लब्धियों को इनके अंशों से गुणकर प्रत्येक गुणनफल के नीचे लघुतम समापवर्त्य की संख्या हर में रक्खो ऐसा करने से सब भिन्नों का एक सा हर होजायगा॥

(१ अ०) $\frac{1}{2}$, $\frac{2}{3}$, $\frac{3}{4}$, $\frac{4}{5}$ ... हर करो

(३ प्र०) $\frac{११}{१२}$, $\frac{२८}{३०}$, $\frac{१७}{१८}$, $\frac{७}{१६}$, $\frac{४७}{४८}$ इस प्रश्न में कौन भिन्न सब से बड़ी और कौन सब से छोटी है.

(४ प्र०) $\frac{३}{४}$ के $\frac{८}{१५}$, $\frac{३}{७}$, $\frac{२}{३}$ के $\frac{५}{६}$

उत्तर

(१) $\frac{७}{८}$, $\frac{५}{७}$ और $\frac{५}{६}$, $\frac{७}{१०}$ और $\frac{७}{१२}$, $\frac{९}{१६}$

(२) $\frac{३}{७}$, $\frac{५}{२२}$, $\frac{१}{५}$ और $\frac{३}{४}$, $\frac{११}{१५}$, $\frac{८}{११}$, $\frac{३}{३}$ (३) $\frac{४७}{४८}$ सब से बड़ा और $\frac{७}{१६}$ सब से छोटा (४) $\frac{३}{७}$, $\frac{२}{३}$ के $\frac{५}{६}$, $\frac{३}{४}$ के $\frac{८}{१५}$

भिन्न योग

(१७) जिन भिन्नों का योग करना हो उन सब को पहले साधारण भिन्न के रूप में लाओ तब सब साधारण भिन्नों का एक सा हर करके केवल एक स्थान पर हर की संख्या रखो और संपूर्ण अंशों को धन के चिन्हों के साथ रख दो फिर इन अंशों के योग को अंश और हर को हर के स्थान पर रख दो यही जो फल होगा यदि यह उत्तर विषम भिन्न के रूप में आवे तो उसे भागानुबंध बना दो॥

(उदाहरण १) $\frac{१}{२}$ और $\frac{१}{३}$ को जोड़ो॥

$\frac{१}{२}+\frac{१}{३}=\frac{३+२}{६}=\frac{५}{६}$

(उदाहरण २) $\frac{३}{४}$, $\frac{४}{५}$, $\frac{५}{६}$ का योग करो

$\frac{३}{४}+\frac{४}{५}+\frac{५}{६}=\frac{४५+४८+५०}{६०}=\frac{१४३}{६०}=२\frac{२३}{६०}$

(उदाहरण ३) $३\frac{३}{५}$, $२\frac{६}{७}$ का योग करो

$३\frac{३}{५}+२\frac{६}{७}=\frac{१८}{५}+\frac{२०}{७}=\frac{१२६+१००}{३५}=\frac{२२६}{३५}=६\frac{१६}{३५}$

इस क्रिया को यों भी करते हैं

$३\frac{३}{५}+२\frac{६}{७}=३+२+\frac{३}{५}+\frac{६}{७}=५+\frac{२१+३०}{३५}=५+\frac{५१}{३५}$

$५+१\frac{१६}{३५}=६\frac{१६}{३५}$

(उदाहरण ४) $\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४}$, $३\frac{१}{२}$ का $\frac{५}{२१}$, $२\frac{३}{२८}$ का योग करो

$\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४}+३\frac{१}{२}$ का $\frac{५}{२१}+२\frac{३}{२८}=\frac{१}{२}+\frac{५}{६}+२\frac{३}{२८}=२+\frac{४२+७०+९}{८४}=$

(१) $\frac{४}{७}-\frac{१}{२}$ और $\frac{५}{८}-\frac{४}{७}$ और $\frac{५}{९}-\frac{७}{१३}$ और $\frac{३}{२०}-\frac{१}{१०४}$
(२) $३\frac{१}{२}-२\frac{१}{३}$ और $७\frac{१}{४}-४\frac{२}{३}$
(३) $\frac{\frac{७}{८}}{४\frac{१}{२}}-\frac{\frac{५}{६}}{५\frac{१}{४}}$ और $८\frac{१३}{६६}-३१$ के $\frac{२}{९}$
(४) $८\frac{३}{५}$ का $\frac{१}{२१}$ में से ५ का $\frac{३}{४}$ घटाओ

उत्तर

(१) $\frac{१}{१४}$, $\frac{३}{५६}$, $\frac{२}{११७}$, $\frac{१}{२४}$ (२) $१\frac{१}{६}$, $२\frac{७}{१२}$ (३) $\frac{१}{२८}$, $\frac{५२}{५५}$ (४) $\frac{२}{११}$

भिन्न गुणन

जिन भिन्नों का गुणा करना है उन सब का साधारण रूप करके परस्पर अंशों के गुणन को अंश और हरों के गुणन को हर के स्थान पर रक्खो वही गुणन फल होगा और भी सब क्रिया अभाग जाति से भाग जाति बनाने में जैसे बतलाई है करो॥

(उदाहरण) $\frac{१}{२}$, $\frac{२}{३}$, $\frac{३}{४}$ का परस्पर करो॥

$\frac{१}{२}\times\frac{२}{३}\times\frac{३}{४}=\frac{१\times२\times३}{२\times३\times४}=\frac{१}{४}$

(उदाहरण २) $४\frac{३}{५}$, $\frac{\frac{२}{५}}{\frac{२}{३}}$, $\frac{२}{३}$ का $\frac{६}{११}$ को गुणा करो

$४\frac{३}{५}\times\frac{\frac{२}{५}}{\frac{२}{३}}\times\frac{२}{३}$ का $\frac{६}{११}=\frac{२३\times२\times३\times२\times६}{५\times५\times२\times३\times११}=\frac{२\times२\times६}{५\times५}=\frac{२४}{२५}$

अभ्यासार्थ प्रश्न

नीचे लिखे प्रश्नों में भिन्नों का गुणन फल निकालो॥

(१) $\frac{२}{५}\times\frac{३}{८}$ और $\frac{५}{८}\times\frac{५}{२१}\times१२\frac{३}{५}$ और $\frac{३}{७}\times\frac{२८}{३३}\times५\frac{१}{२}$ का $\frac{३}{५}$
(२) $३\frac{१}{५}\times२\frac{१}{२}$ और $\frac{८}{९}\times४\frac{१}{८}$ और $\frac{१०}{३३}\times\frac{२१}{२६}\times\frac{६५}{७७}$

उत्तर

(१) $\frac{३}{२०}$, $१\frac{७}{८}$, $\frac{४}{५}$ (२) ८, $३\frac{२}{३}$, $\frac{२५}{१२१}$

भिन्न भाग

(२०) भाजक के अंश और हर को उलट देओ फिर भाज्य और वह उलटा किया हुआ भाजक इनका गुण करो जो गुणन फल आवेगा वही लब्धि होगी॥ (उदाहरण) $\frac{४}{५}$ में $२\frac{२}{३}$ का भाग दो

$\frac{४}{५} \div २\frac{२}{३} = \frac{४}{५} \div \frac{८}{३} = \frac{४}{५} \times \frac{३}{८} = \frac{४ \times ३}{५ \times ४ \times २} = \frac{३}{१०}$

अभ्यास के लिये उदाहरण

(१) $\frac{१}{२} \div \frac{२}{३}$, $\frac{३}{४} \div \frac{४}{५}$, $३\frac{४}{५} \div २\frac{५}{७}$, $\frac{१५}{२८} \div \frac{३}{५}$ का $\frac{३}{७}$

(२) $८ \div \frac{६}{७}$, $\frac{८}{९} \div \frac{३}{४}$ के $\frac{५}{६}$, $२२\frac{७}{१२} \div (\frac{३}{५}$ के $\frac{५}{७}$ के $\frac{७}{९})$

(३) $\frac{५}{१६} \div \frac{५}{६}$, $४५ \div (१\frac{१}{११} \times ५\frac{१}{२३})$, $१२\frac{१}{३} \div \frac{५}{९}$

(४) $\frac{\frac{३}{७}}{\frac{९}{५}} \div \frac{१}{२}$ का $\frac{३}{४}$ के $\frac{५}{६}$ और $(\frac{३}{४}+\frac{४}{५}) \div (\frac{३}{४}+\frac{५}{६})$

उत्तर

(१) $\frac{३}{४}$, $\frac{१५}{१६}$, $१\frac{१३}{३५}$, $२\frac{१}{८}$ (२) $९\frac{१}{३}$, $१\frac{१९}{४५}$, $७०\frac{३}{४}$

(३) $\frac{३}{८}$, $८\frac{१}{२}$, २४ (४) $\frac{१६}{२१}$, $१\frac{१}{२०}$

भिन्न सम्बन्धी उच्चजाति से हीन जाति और हीन जाति से उच्चजाति बनाने की रीति

हीन जाति से उच्च जाति बनाने के लिये जिन हीन जाति से उच्च जाति बनाना है और एक उच्च जाति में जितनी हीन जाति की संख्या होती हो उतने से हर को गुण दो इसी प्रकार उच्चजाति से हीन जाति बनाने को उसी संख्या से अंश को गुण कर दो गुणन फल उत्तर होगा॥

(उदाहरण) $\frac{२}{३}$ रु० को आने पाई का रूप और $५\frac{१}{४}$ पाई को आना बनाओ॥ $\frac{२}{३}$ रु० $= \frac{२ \times १६}{३}$ आने $= \frac{३२}{३}$ आने $१०\frac{२}{३}$ आने $=$ १० आने $\frac{२ \times १२}{३}$ पाई $=$ १० आना ८ पाई॥

५ $\frac{३}{४}$ पाई = $\frac{२१}{४}$ पाई = $\frac{२१}{४×१२}$ आने = $\frac{७}{१६}$ आने

अभ्यास के लिये प्रश्न

नीचे लिखे उच्चजाति के प्रश्नों को हीन जाति बनाओ॥

(१प्र०) $\frac{५}{१२}$ रु०, $\frac{३}{८}$ म०, $\frac{२५}{४८}$ सेर, $\frac{२}{१५}$ बीघा $\frac{१७}{३६}$ एकड़

(२प्र०) $\frac{३}{८}$ वर्ष, $\frac{४}{७}$ घंटे, $\frac{१}{३}$ जरीब, $\frac{७}{८}$ गज़, $\frac{३}{८}$ पौंड

उत्तर

(१) ६ आने ८ पाई, १५ सेर, ८ $\frac{१}{३}$ छटांक, २ बिस्वा १३ $\frac{१}{३}$ बिस्वांसी
१ रोड़ ३५ पोल १६ $\frac{२९}{३६}$ वर्गगज़

(२) ४ $\frac{१}{२}$ महीना, ३४ $\frac{३}{७}$ मिनट, $\frac{२}{३}$ गट्ठे, १२ $\frac{४}{७}$ गिरह ७ शिलिंग ६ पेन्स

नीचे लिखे हीन जाति को उच्चजाति बनाओ॥

(१) ३ $\frac{२}{५}$ पाई को आना ३ आने २ पाई को रु० ३ सेर ८ छटांक को मन

(२) २ $\frac{१}{२}$ घंटे को दिन, ३ $\frac{२}{५}$ गज़ को पोल, २ शिलिंग ६ पेन्स को पौंड.

उत्तर

(१) $\frac{१७}{६०}$ आना, $\frac{१३}{३२}$ रु०, $\frac{७}{८०}$ मन

(२) $\frac{५}{४८}$ दिन, $\frac{३४}{५५}$ पोल, $\frac{१}{८}$ पौंड

(२२) किसी एक मिश्र संख्या को उसी जाति की दूसरी भिन्न संख्या का भाग बतलाने की रीति॥

दोनों को एक नाम का बना लो फिर पहली के फल को अंश और दूसरी के फल को हर में लिखो वही उत्तर होगा॥

(उदाहरण) ५ आने ४ पाई १ रु० का कौन सा भाग है

$$\frac{५ \text{ आने } ४ \text{ पाई}}{१ \text{ रु०}} = \frac{६४ \text{ पाई}}{१९२ \text{ पाई}} = \frac{१}{३}$$

(उदाहरण २) १२ सेर ८ छटांक ५ मन का कौन सा भाग है॥

$$\frac{१२ \text{ आने } ८ \text{ छटांक}}{५ \text{ मन}} = \frac{१२\frac{१}{२} \text{ सेर}}{२०० \text{ सेर}} = \frac{२५}{२००×२} = \frac{१}{१६} \text{ उत्तर}$$

अभ्यास के लिये उदाहरण

(१) ३ आने ४ पाई कौन सा भाग १रु का और ७ आने ६ $\frac{२}{३}$ पाई कौन सा भाग ८ पाई का है॥

(२) ९ रुपये ५ आने ६ पाई कौन सा भाग १६ रु ७ आने ६ पाई का और ३ सेर १४ छटांक कौनसा भाग २ मन ५ सेर का और २ धड़ी २ सेर ३ छटांक कौनसा भाग १ मन का है॥

(३) ७ घंटे १२ मिनट १ दिन की कौन सी भिन्न है और ३ बिस्वे १४ बिस्वांसी कौन सी भिन्न २ बीघे २ बिस्वे २ बिस्वांसी की है॥

(४) ८ एकड़ ३ रोड़ कौन सा भाग ७ एकड़ ३२ पोल का और ३ मन २ सेर कौन सी भिन्न ४ मन २ सेर की है?

उत्तर

(१) $\frac{५}{२४}$, ५$\frac{१}{१२}$ (२) $\frac{१३}{७३}$, $\frac{३१}{३५२}$, $\frac{५५}{१६८}$ (३) $\frac{३}{१०}$, $\frac{३७}{४७१}$ (४) २$\frac{४३}{४४}$, $\frac{१२२}{१६३}$

भिन्न संबंधी मिश्रित प्रश्न क्रिया समेत

(२३) (१) $\frac{३१}{४५}+\frac{२७}{६०}+\frac{१४}{३५}+\frac{२४}{७०}$ यह बराबर कितने के हैं

यहां हरों का लघुतम समापवर्त्य १२६० है

$\therefore \frac{३१}{४५}+\frac{२७}{६०}+\frac{१४}{३५}+\frac{२४}{७०} = \frac{८६८+३५७+५०४+४३२}{१२६०} =$

$\frac{२१६१}{१२६०} = १\frac{९०१}{१२६०}$ उत्तर

(२) १६$\frac{५}{८}$ − ३$\frac{१}{४}$ का ३$\frac{२}{५}$ का मान बताओ॥

१६$\frac{५}{८}$ − ३$\frac{१}{४}$ का ३$\frac{२}{५}$ = १६$\frac{५}{८}$ − $\frac{१३×१७}{४×५}$ = १६$\frac{५}{८}$ १०$\frac{३}{५}$ =

(१६−१०)+($\frac{५}{८}$−$\frac{३}{५}$) = ६$\frac{१}{४०}$ उत्तर

(३) $\frac{२}{३}$ का (१−$\frac{३}{७}$)+$\frac{५}{७}$ का $\frac{७}{१०}$+$\frac{३}{५}$ का ($\frac{१}{२}$+$\frac{११}{१४}$)+$\frac{३}{७}$ का ($\frac{१}{३}$+$\frac{४}{५}$) का मान बताओ॥

ऊपर लिखी भिन्न $=\frac{१}{७}\times\frac{५}{७}+\frac{५}{५}\times\frac{१}{१२}+\frac{३}{५}\times\frac{१८}{२५}+\frac{३}{७}\times\frac{३८}{३५}=$

$\frac{५}{४९}+\frac{२}{२५}+\frac{२७}{१२५}+\frac{५७}{१२२५}=\frac{५००+३६२+३३८०+२२८}{४९००}=\frac{४९००}{४९००}=१$ उत्तर

(४) $३\frac{१}{४}+४\frac{३}{५}-५\frac{१}{२}+१६\frac{५}{८}-७\frac{११}{२४}+२०-१४\frac{५}{१६}$ की क़ीमत निकालो

ऊपर लिखी भिन्न $=\left(३\frac{१}{४}+४\frac{३}{५}+१६\frac{५}{८}+२०\right)-\left(५\frac{१}{२}+७\frac{११}{२४}+१४\frac{५}{१६}\right)=$

$\left(४३+\frac{१०+१६+२५}{४०}\right)-\left(२६+\frac{२४+२२+१५}{४८}\right)=$

$\left(४३+१\frac{११}{४०}\right)-\left(२६+१\frac{१३}{४८}\right)=(४३-२६)+\left(\frac{६६-६५}{२४०}\right)=१७\frac{१}{२४०}$ उत्तर

(५) $\left(६\frac{१}{३}+६\frac{१}{४}\right)\times\left(६\frac{१}{३}-६\frac{१}{४}\right)\div\frac{१}{१२}$ को साधारण करो

ऊपर की भिन्न $=१२\frac{७}{१२}\times\frac{१}{१२}\div\frac{१}{१२}=१२\frac{७}{१२}$ उत्तर

नीचे की भिन्नोंका मान बताओ

(६) $\left(\frac{१}{१२}+\frac{१}{४}+\frac{१}{८}\right)\div\left(\frac{१}{३}+\frac{१}{६}+\frac{१}{८}\right)=\frac{११}{२४}\div\frac{११}{१८}=\frac{१८}{२४}=\frac{३}{४}$

(७) $\frac{१}{२}+\frac{१}{३}$ का $\left\{\frac{१}{८}-\frac{३}{४}\right.$ का $\left\{\frac{२०}{२१}\ \frac{८}{८}\right\}+\frac{२}{७}\div\left(\frac{४८}{४९}\right.$ का $\left.३\frac{१}{२}\right)+\left.\frac{२}{६३}\right\}$ का मान

$\frac{१}{२}+\frac{१}{३}$ का $\left\{\frac{१}{८}-\frac{३}{४}\right.$ का $\frac{४}{६३}+\frac{२}{७}\times\frac{४८\times२}{१२\times७}+\left.\frac{२}{६३}\right\}=\frac{१}{२}+\frac{१}{३}$ का

$\left\{\frac{१}{८}-\frac{१}{२१}+\frac{१}{१२}+\frac{२}{६३}\right\}=\frac{१}{२}+\frac{१}{३}$ का $\frac{६३-२४+४२+१६}{५०४}=\frac{१}{२}+\frac{१}{३}$ का

$\frac{९७}{५०४}=\frac{१}{२}+\frac{९७}{१५१२}=\frac{८५३}{१५१२}$ उत्तर

नीचे लिखी भिन्नों को आगानुबंध का रूप दो

(१) $\frac{\frac{१}{२}+\frac{१}{३}}{\frac{१}{२}-\frac{१}{३}}+\frac{\frac{१}{३}-\frac{१}{४}}{\frac{१}{३}+\frac{१}{४}}$ (२) $\frac{\frac{१}{३}}{५\frac{३}{४}}+\frac{\frac{४}{५}}{४\frac{३}{५}}+\frac{१}{५}$ का $\frac{३\frac{१}{४}-२\frac{१}{२}}{\frac{१}{३}}$

(३) $\left\{\frac{\frac{१}{४}+\frac{१}{५}}{१\frac{३}{४}}-\frac{१}{२}+\frac{१}{२\frac{४}{५}}-\frac{\frac{१}{३}}{२\frac{११}{१२}}+७\right\}$ का $\frac{\frac{१}{३}+\frac{१}{९}}{\frac{१}{९}+\frac{५}{४}}$

पहली भिन्न $=\frac{\frac{५}{६}}{\frac{१}{६}}+\frac{\frac{१}{१२}}{\frac{७}{१२}}=\frac{५\times६}{६\times१}+\frac{१२\times१}{१२\times७}=५\frac{१}{७}$

दूसरी भिन्न $=\frac{\frac{१}{३}}{\frac{३३}{४}}+\frac{\frac{४}{९}}{\frac{३३}{५}}+\frac{१}{५}$ का $\frac{३}{४}\div\frac{३}{४}=\frac{४}{९९}+\frac{२०}{२९७}+\frac{१}{५}=\frac{६४}{२९७}+\frac{१}{५}=$
$\frac{३८९}{३४५}=१\frac{४४}{३४५}$

तीसरी भिन्न $=\left\{\frac{\frac{९}{२०}}{\frac{७}{४}}-\frac{१}{२}+\frac{५}{१४}-\frac{१२}{१०५}+७\right\}\times\frac{\frac{१२}{२७}}{\frac{४९}{३६}}=\left\{\frac{९}{३५}+\frac{१}{२}+\frac{५}{१४}-\frac{४}{३५}+७\right\}$

$\times\frac{१६}{४९}=\left\{\frac{१}{७}-\frac{१}{२}+\frac{५}{१४}+७\right\}\times\frac{१६}{४९}=७\times\frac{१६}{४९}=\frac{१६}{७}=२\frac{२}{७}$

(४) $\frac{\frac{२}{५}\times\frac{२}{५}-\frac{१}{८}\times\frac{१}{८}}{\frac{२}{५}-\frac{१}{८}}$ इसका मान बताओ

$\left(\frac{२}{५}\right)^२-\left(\frac{१}{८}\right)^२$ कोई दो संख्याओं का वर्गान्तर उनके योग

यह बराबर है $\frac{\qquad}{\frac{२}{५}-\frac{१}{८}}$ अंतर के घात समान होता है इसीवाले यह भिन्न=

$\frac{३}{५}+\frac{१}{८}=\frac{३१}{४०}$ उत्तर

अभ्यास के लिये भिन्नसम्बंधी मिश्रित प्रश्न

नीचे लिखी भिन्नों को साधारण भिन्न बनाओ

(१) $\frac{१७}{२०}+\frac{१}{२}$ का $\frac{७}{१५}$ का $\frac{७}{२०}$

(२) $\frac{१}{७+\frac{१}{३+\frac{२}{४}}}$

(३) $\dfrac{३\frac{१}{३}+२\frac{१}{४}-४\frac{७}{८}}{५\frac{३}{४}+\frac{२}{३}-२\frac{७}{१५}}$

(४) $\dfrac{\frac{३}{५}-\frac{२}{७}}{\frac{५}{६}-\frac{३}{५}} \div \dfrac{\frac{५}{७}-\frac{१३}{४९}}{\frac{२}{३}-\frac{७}{११}}$

(५) $\frac{७}{६०}+३\frac{११}{३०}-\frac{१३}{१५}+\frac{५}{६}+\frac{२}{३}$

(६) $२४\frac{२}{३}\div ४\times ११\frac{३}{५}$ का $\frac{३}{२९}\div ७\frac{२}{५}$

(७) $\frac{१८}{१७}\times\left(१-\frac{६४}{८१}\right)+\frac{८}{११}\times\frac{१}{६}\left(\frac{१}{२}+\frac{५}{१२}\right)$

(८) $\frac{३}{४}$ का $\dfrac{४\frac{५}{६}}{६\frac{१}{६}}$ का $\dfrac{६\frac{८}{११}}{११\frac{५}{७}}$

(९) $\left(६\frac{३}{४}\right.$ का $\left.\dfrac{५\frac{१}{६}-\frac{५}{१२}}{१२\frac{२}{३}-७\frac{५}{१२}}\right)\div\dfrac{११\frac{१}{२\frac{२}{३}}}{२}$

(१०) $\frac{१}{२}$ का $\dfrac{\frac{१}{२}}{\frac{५}{४}}+\frac{१}{२}$ का $\dfrac{\frac{\frac{३}{४}}{८}}{\frac{}{१६}+१}+\frac{१}{६}$ का $\dfrac{१}{\frac{५}{४}}$

(११) $\dfrac{७\frac{१}{२}+१\frac{१७}{२२}}{८\frac{३}{३}+३\frac{२३}{२२}}-\dfrac{३\frac{४}{५}+\frac{२६}{४५}}{३\frac{३}{४}+१४\frac{१}{१६}}$

(१२) $\dfrac{१+२\frac{४}{९}\left(१+२\frac{४}{९}\right)}{१+२\frac{२}{३}\left(१+२\frac{२}{३}\right)}$

(१३) $\dfrac{१\frac{३}{५}}{३\frac{१}{७}}-\dfrac{५\frac{५}{८}}{६\frac{१}{४}}$ का $\left(\frac{१}{५}\dfrac{\frac{१}{२}-\frac{१}{३}}{४\frac{३}{४}\,३\frac{३}{४}}\right)$

(३) $\frac{४}{५}\text{ का }६\frac{१}{४}-\frac{३}{७}\text{ का }१४+\frac{५}{८}\text{ का }\frac{७}{१०}\text{ का }२\frac{३}{७}\ \frac{२५}{४२}\text{ का }\frac{१२}{५}+८$

(४) $\frac{४}{५}\text{ का}\left(६\frac{१}{४}-\frac{३}{७}\text{ का }१४\right)+\frac{५}{८}\text{ का}\left(\frac{७}{१०}\text{ का }२\frac{३}{७}-\frac{२५}{४२}\right)\text{ का }२\frac{२}{५}+८$

(५) $\left\{३\frac{१}{७}+२\frac{१}{६}+४\frac{३}{५}\right\}\div\left(\frac{१}{२}+\frac{१}{३}\right)\text{ का }\left(\frac{१}{२}-\frac{१}{७}\right)$

(६) $\left\{३\frac{१}{७}+२\frac{१}{४}+४\frac{२}{५}\right\}+\left\{\frac{१}{२}+\frac{१}{२}\text{ का }\left(\frac{१}{२}-\frac{१}{७}\right)\right\}$

(२३) (१) $\dfrac{१८}{\frac{३}{४}\text{ का }\dfrac{४\frac{५}{८}}{१६\frac{१}{३}}\text{ का }\dfrac{३\frac{५}{११}}{११\frac{५}{७}}}$ (२) $\dfrac{७\frac{५}{८}\text{ का }\frac{३}{१७}-१\frac{१}{२}\div१\frac{१}{४}}{११+\dfrac{१}{७+\frac{१}{२}}}$

(२४) (१) $४\frac{३}{८}-\frac{९}{११}\text{ का }\frac{१}{९}\text{ का }१५\frac{१}{२}+\frac{१}{५}\text{ का }९\frac{३}{८}+५-\frac{४}{७}\text{ का }६\frac{१}{२}$

(२) $४\frac{३}{८}-\frac{९}{११}\text{ का}\left(\frac{१}{९}\text{ का }१५\frac{१}{२}+\frac{१}{५}\right)\text{ का }९\frac{३}{८}\left(५-\frac{४}{७}\right)\text{ का }६\frac{१}{२}$

(३) $\left(२\frac{१७}{२०}-\frac{१३}{१५}+१\frac{७}{१०}-\frac{४}{५}\right)\div\left(१\frac{१}{२}\text{ का }५-\frac{१}{२}\text{ का }\frac{१}{३}\right)$

(४) $\left\{२\frac{१७}{२०}-\frac{१३}{१५}+१\frac{७}{१०}+\frac{४}{५}\right\}\div\left\{१\frac{१}{२}\text{ का}\left(५-\frac{१}{२}\right)\text{ का }\frac{१}{३}\right\}$

(५) $६\frac{३}{१०}-१\frac{१}{८}\text{ का }२\frac{५}{१०}\text{ का}\left(१\frac{१}{५}+२\frac{१}{२}\right)\text{ का }४\frac{२}{३}+३७$

(२५) (१) $\dfrac{१}{३\frac{१}{५}}-\dfrac{२\frac{१}{२}}{८}+\dfrac{३\frac{५}{८}}{१२}+\dfrac{\frac{५}{७}}{४\frac{४}{७}}+\dfrac{३-२\frac{१}{३}}{४-२\frac{१}{४}}$

(२) $\dfrac{\frac{३}{५}\text{ का}\left(\frac{६}{७}-\frac{३}{४}\right)}{\frac{७}{८}\text{ का}\left(\frac{३}{४}-\frac{५}{७}\right)}\text{ का }\left\{\dfrac{\frac{८}{१५}-\frac{६}{१३}}{\frac{५}{१३}-\frac{३}{११}}-\dfrac{९\frac{१}{५}+३\frac{४}{८}}{५\frac{११}{१४}\text{ का }७\frac{१}{८}}+\dfrac{७\frac{५}{८}-४\frac{२}{५}}{\frac{२१}{२३}-\frac{१९}{२१}}\right\}$

(३) $\frac{१}{२}+\frac{३}{४}\text{ का}\left\{\frac{१}{८}-\frac{३}{४}\text{ का}\left(\frac{२७}{२१}-\frac{८}{९}\right)\right\}-\frac{२}{७}\div\left(\frac{४८}{४९}\text{ का }३\frac{१}{२}\right)+\frac{२}{६३}$

(४) $\left(\frac{१}{२}\text{ का }३\frac{४}{१७}\text{ का }९\frac{३}{११}-\dfrac{३\frac{५}{८}}{१\frac{७}{३}}\right)\div\dfrac{६\frac{७}{८}+५\frac{३}{४}}{९\frac{३}{४}-५\frac{५}{८}}$

(२६) (१) $\frac{३}{५}$, $\frac{७}{१५}$, $\frac{९}{१६}$ में कौन सब में बड़ा और कौन सब से छोटा है

(२) ३ $\frac{३}{८}$, ४३ $\frac{५}{१२}$, ४७ $\frac{५}{६}$ के योग में क्या जोड़ें जो एक पूरी संख्या होजाय

(३) बताओ २२ $\frac{१}{३}$ और १३ $\frac{४}{५}$ का योग उन के अंतर में कितनी दफ़ा मिले हैं

(४) किस पर $\frac{१\frac{१}{४}}{१\frac{१}{१२}}$ का $\frac{२}{३}$ + $\frac{२\frac{१}{२}-१\frac{५}{६}}{\frac{१}{४}+१\frac{५}{६}}$ − $\frac{८\frac{१}{२}}{७\frac{४}{५}}$ को भाग दें जो लब्धि $\frac{२}{३}$ हो

(२६)(५) ६ $\frac{२}{३}$, ६ $\frac{१}{४}$ के योग और अंतर के गुणनफल को किस संख्या से भाग करें जो भजनफल $\frac{२}{६}$ हो

(२७)(१) १ मन १२ सेर के $\frac{७७}{२०८}$ की क़ीमत बताओ

(२) १रु० १० आने ४ $\frac{१}{४}$ पाई कौन सी भिन्न ४ आने ७ $\frac{१}{२}$ पाई की है

(३) ३ मन २५ सेर कौन सी भिन्न १ मन २ सेर ३ छटांक की है

(४) ४ शिलिंग ४ $\frac{१}{२}$ पेंस कौन सा हिस्सा गिनी का और २ फ़र्लांग १९८ गज़ १ फ़ुट ७ इंच कौन सा हिस्सा १ मील का है

(५) २ गज़ वर्गात्मक ७ फ़ीट वर्गात्मक का कौन सा हिस्सा २ गज़ वर्गात्मक ५ फ़ीट वर्गात्मक के $\frac{१}{४}$ का है

(२८)(१) १६ रु० ४ आने १० $\frac{३}{७}$ पाई और २६ रु० ३ आने $\frac{५}{११}$ पाई और ४६ रु० १४ आने ३ $\frac{३}{१६}$ पाई और ५ रु० ६ आने ५ $\frac{३}{४५}$ पाई और ११ आने ११ $\frac{४}{५}$ पाई का योग १२५ रु० से कितना छोटा है

(२) १३ रु० १२ आने ६ $\frac{११}{२५}$ पाई को ३ $\frac{७}{८}$ से गुणा करो

(३) (४ $\frac{१४}{३१}$ − १० $\frac{४४}{९५}$ + ६ $\frac{३}{४५}$ + $\frac{५२}{११७}$) पेंस को पौंड की भिन्न बनाओ

(४) $\frac{२}{३}$ का $\frac{६}{१७}$ का १ पौंड १४ शिलिंग + $\frac{५}{६}$ का $\frac{१}{८}$ का १ पौंड १० शिलिंग + ८ $\frac{१}{४}$ का $\frac{१}{११}$ का ५ शि० को २० पौंड की भिन्न में लाओ

(५) ६ $\frac{७}{८०}$ दिन − $\frac{६}{११}$ $\frac{८}{१४}$ हफ़्ते − $\frac{१}{५}$ घंटा + $\frac{५}{११}$ मिनट का मान कहो

(६) २ $\frac{१}{६}$ रोड़ का १० $\frac{१}{२५}$ − २ रोड़ ३ पोल का ३ $\frac{१}{६}$ + ३ रोड़ २९ पोल का $\frac{४०}{७३}$ की क़ीमत बताओ

(२९)(१) भिन्नों के भेद और उनकी तारीफ़ मये मिसाल के बताओ ॥

(२) साबित करो कि किसी भिन्न के हर और अंश को किसी एक ही अंक से

गुणा दें तो उसकी क़ीमत में फ़र्क़ नहीं होगा

(३) साबित करो कि ३ छोटा है $\frac{११}{१५}$ से और बड़ा है $\frac{२३}{२१}$ से

उत्तर

(१) $\frac{३८}{७५}$ (२) $\frac{१३}{३०}$ (३) $\frac{८५}{४३४४}$ (४) $\frac{८}{११}$ (५) ४ $\frac{७}{६०}$ (६) १ (७) $\frac{२}{३}$ (८) $\frac{६०९}{१२०४}$ (९) $\frac{२७}{१६०}$ (१०) $\frac{२३६}{६००}$ (११) $\frac{१०१७}{२०५२}$ (१२) १ $\frac{५२}{७११}$ (१३) $\frac{७}{२२}$ (१४) १ (१५) १ $\frac{५}{१६}$ (१६) १ (१७) $\frac{६१}{५५०}$ (१८) $\frac{५}{८१}$, $\frac{१३३}{६८७५}$, $\frac{१३५}{२६२}$, (१९) $\frac{३३}{११२}$ (२०) १ (२१) $\frac{२५००}{१७८}$ (२२) ४ $\frac{६१}{१६८}$, ३ $\frac{२९}{५०}$, ६ $\frac{४}{७}$, ९ $\frac{९६}{१५०}$, ३२ $\frac{१३३}{१३५}$, १५ $\frac{२१३}{२६०}$ (२३) २२४ $\frac{१६}{३७}$, $\frac{२}{१६७}$ (२४) ५ $\frac{६५}{१४४}$, ११ $\frac{१९९६}{२४६६}$, $\frac{१७३}{४४०}$, १ $\frac{१२४}{१२५}$, $\frac{२}{१५}$ (२५) १ $\frac{५९}{१२४}$, ९० $\frac{१}{२}$, २ $\frac{२०६२}{४५१५}$ (२६) $\frac{९}{१६}$ सब से बड़ा और $\frac{५}{}$ सब से छोटा और $\frac{३}{८}$, ४ $\frac{२५}{६४}$ $\frac{३७}{६५०}$, १२ $\frac{७}{१२}$ (२७) ७ सेर, ३ $\frac{४}{५}$, ३ $\frac{५६}{१३५}$ और $\left\{\frac{५}{२४}, \frac{२०१०७}{६३२६०}\right\}$, $\frac{२३}{१००}$

(२८) २९ रु० ७ आना ३ $\frac{३}{४}$ पाई से कुछ ज़्यादह, ५३ रु० ६ आना ७ $\frac{५}{६२}$ पाई और $\frac{७}{६७५}$, $\frac{११९}{३२००}$, २ दिन ४ घंटे १४ मिनट ४४ सिकंड और २०७ गेहूं ४६ $\frac{३६०}{६५७}$

भिन्न सम्बंधी शाब्दिक प्रश्न क्रिया समेत

(१) किसी चीज़ के $\frac{२}{३}$ हिस्से के दाम १३५० रु० हैं तो $\frac{५}{१२}$ हिस्से के क्या दाम होंगे

यहां $\frac{२}{३}$ और $\frac{५}{१२}$ में $\frac{२}{३}$ बड़ा है इसी वास्ते $\frac{२}{३}$ हिस्से से $\frac{५}{१२}$ हिस्से के दाम कम होंगे

∴ $\frac{२}{३} : \frac{५}{१२} :: १३५० : \frac{६७५}{१} \times \frac{५}{१२} \times \frac{३}{२} = \frac{३३७५}{४}$ = ८४३ रु० १२ आने उत्तर

(२) एक आदमी के पास २२९ $\frac{१}{२}$ सेर शहद है जिस में से ८ $\frac{१}{२}$ सेर के कुछ बर्तन भरे गये तो बतलाओ कितने बर्तन भरे गये होंगे॥

२२९ $\frac{१}{२}$ ÷ ८ $\frac{१}{२}$ = २७ बर्तन उत्तर

(३) मैंने अपनी जायदाद का $\frac{१}{}$ हिस्सा एक शख़्स को दे दिया और जो कुछ मेरे पास बचा उसका $\frac{२}{}$ दूसरे शख़्स को दे दिया फिर जो कुछ मेरे पास बाक़ी रहा उसका आधा एक तीसरे शख़्स को दिया और फिर ...

का $\frac{३}{२०}$ हिस्सा चौथे आदमी को दे दिया तो बताओ कि दूसरे आदमी के देने के बाद मेरे पास क्या बचा था और सब से पीछे क्या बच रहा

$१-\frac{१}{५}=\frac{४}{५}$ पहिली बार बचा. $\frac{४}{५}$ का $\frac{२}{५}=\frac{८}{२५}$ ∴ $\frac{४}{५}-\frac{८}{२५}=\frac{१२}{२५}$ दूसरे को देने पर बचा फिर $\frac{१२}{२५}\times\frac{१}{४}=\frac{३}{२५}$ तीसरे को दिया. $\frac{१२}{२५}-\frac{३}{२५}=\frac{९}{२५}$ तीसरे को देने के बाद बचा ∴ [illegible] सब के देने के बाद बच रहा॥

(४) एक आदमी किसी जहाज़ में $\frac{३}{८}$ हिस्से का मालिक है वह अपने हिस्से के $\frac{४}{५}$ हिस्से को ३०००० रु० पर बेचता है बताओ कुल जहाज़ कितने का है. यहां $\frac{३}{८}$ का $\frac{४}{५}=\frac{३}{१०}$ ∴ $\frac{३}{१०}:१::३००००:१०००००$ रु० उत्तर

(५) अगर १६० मन बोझ ११० मील ४ रु० में जाता हो तो २०३ $\frac{१}{२}$ मन बोझ ९ $\frac{१}{४}$ रु० में कितनी दूर जायगा॥

$$\left.\begin{matrix}२०३\frac{१}{२}\\४\end{matrix}\right\}:\left\{\begin{matrix}१६०\\९\frac{१}{४}\end{matrix}\right\}::११० \text{ मील}:\frac{११०\times१६०\times\frac{३७}{४}}{२०३\frac{१}{२}\times४}=२०० \text{ मील उत्तर}$$

(६) २४ बेलदार २ $\frac{१}{२}$ दिन में जब दिन १२ $\frac{१}{२}$ घंटे का हो एक खाई १३९ $\frac{३}{४}$ गज़ लम्बी और ४ $\frac{१}{२}$ गज़ चौड़ी और २ $\frac{१}{२}$ गज़ गहरी बनाते हैं तो ९० बेलदार ४ $\frac{१}{५}$ दिन में जब दिन ९ $\frac{३}{४}$ घंटे का हो कितनी लम्बी खाई ४ $\frac{७}{८}$ गज़ चौड़ी और ३ $\frac{१}{५}$ गज़ गहरी बनावेंगे॥

$$\left.\begin{matrix}२४\\२\frac{१}{२}\\१२\frac{१}{२}\\४\frac{७}{८}\\३\frac{१}{५}\end{matrix}\right\}:\left\{\begin{matrix}९०\\४\frac{१}{५}\\९\frac{३}{४}\\४\frac{१}{२}\\२\frac{१}{२}\end{matrix}\right\}::१३९\frac{३}{४}: \text{[illegible]}$$

$$=\frac{१५\times२१\times२६\times४३}{९\times२५\times९}=\frac{३६९८०५}{८००}=\text{[illegible]}$$

(७) मोहन एक काम को ८ दिन में और सोहन उसी को १२ दिन में करता है तो दोनों मिलकर तमाम काम कितने दिन में करेंगे॥

दिन   दि.   काम

$८ : १ :: १ : \frac{१}{८}$ ∴ $\frac{१}{८}+\frac{१}{१२}=\frac{५}{२४}$ काम दोनों मिलकर १ दिन में करेंगे

दि॰ दि॰ का॰ काम काम दि॰

$१२ : १ :: १ : \frac{१}{१२}\ \frac{५}{२४} : १८ : १ : \frac{२४}{५}$ दिन $= ४\frac{४}{५}$ दिन उ॰

(८) मोहन और सोहन मिलकर एक काम को $१\frac{२३}{५५}$ दिन में बनाते और अगर मोहन अकेला उस काम को बनाता तो $३\frac{३}{५}$ दिन में तमाम कर लेता बताओ सोहन अकेला उस तमाम काम को कितने दिन में पूरा करलेगा ॥

$१\frac{२३}{५५}$ दिन : १ दिन :: १ काम : $\frac{५५}{७८}$ काम दोनों मिल कर १ दिन में बनाते हैं

$३\frac{३}{५}$ दिन : १ दिन :: १ काम : $\frac{५}{१८}$ काम मोहन अकेला १ दिन में बनाता है

$\therefore \frac{५५}{७८} - \frac{५}{१८} = \frac{५५-२०}{७८} = \frac{३५}{७८}$ काम १ दिन में सोहन करेगा

$\therefore \frac{३५}{७८}$ काम : १ का :: १ दि॰ : $\frac{७८}{३५} = २\frac{८}{३५}$ दिन उत्तर

(९) एक लड़का जो कुछ अपने घर से लेकर निकला उसका $\frac{५}{१६}$ एक दुकान पर खर्च किया और $\frac{५}{१२}$ दूसरी दूकान पर खर्च किया तब उसके पास ४ आने ४ पाई रहे बताओ वह घर से क्या लेकर चला था

$\frac{५}{१६} + \frac{५}{१२} = \frac{१५+२०}{४८} = \frac{३५}{४८}$ हिस्सा उसका खर्च हुआ $१ - \frac{३५}{४८} = \frac{१३}{४८}$

हिस्सा बाकी रहा $\frac{१३}{४८}$: १ :: ४ आने ४ पाई : १ रु॰ उत्तर

(१०) किसी जौहरी के हाथ से एक मोतियों की लड़ी टूटी जिसका $\frac{१}{३}$ $\frac{१}{४}$ हिस्सा तो ज़मीन पर गिरतेही चूर २ होगया और इन दोनों भागों का दुगना अन्तर भी धूल में मिल गया केवल ४ मोती लड़ी में रह गये बताओ कुल कितने मोती थे ॥

$(\frac{१}{३} - \frac{१}{४}) \times २ + \frac{१}{३} + \frac{१}{४} = \frac{५}{६} \cdot १ - \frac{५}{६} = \frac{१}{६}$

$\therefore \frac{१}{६} : १ :: ४ : २४$ मोती उत्तर

(११) वह संख्या क्या है जिसका $\frac{१}{५}$ उसी में जोड़ दें तो योग २८ हो

यहां यदि संख्या १ होती तो $\frac{१}{५}$ उसका जोड़ने से $१\frac{१}{५}$ होगा

∴ १$\frac{२}{५}$: १ :: २८ : $\frac{२८×५}{७}$ = २० संख्या उत्तर

(१२) वह कौन सी संख्या है जिसका $\frac{१}{४}$ उसी में से घटा दें तो जो शेष रहे उसका $\frac{२}{३}$ बराबर ८ के हो।

संख्या १ होगी तब १ − $\frac{१}{४}$ = $\frac{३}{४}$, $\frac{३}{४}$ का $\frac{२}{३}$ = $\frac{१}{२}$

∴ $\frac{१}{२}$: १ :: ८ : १६ संख्या उत्तर

(१३) किसी आदमी ने पैसे के ३ इस भाव से कुछ फल मोल लिये फिर इतने ही फल पैसे के ४ इस भाव से लिये और दोनों मिलाकर २ पैसे के ७ इस भाव से बेंच डाले तब उसे १ पैसा घटा तो बताओ उसने हर तरह के कितने २ फल मोल लिये थे॥

यहां एक एक फल का दाम खरीद के हिसाब से $\frac{१}{३}$ + $\frac{१}{४}$ = $\frac{७}{१२}$ पैसे हैं और बेंची के हिसाब से इन दो फलों के दाम $\frac{४}{७}$ पैसे हुए ∴ $\frac{७}{१२}$ − $\frac{४}{७}$ = $\frac{१}{८४}$ पैसा घटा हुआ॥ ∴ $\frac{१}{८४}$: १ :: १ : ८४ फल हर किस्म के खरीदे थे॥

(१४) एक कुंड में अ. क. ग तीन नल हैं जिनमें पहले दो क्रम से ३ और १२ घंटे में खाली हौज़ को भर देते हैं और ग भरा हुआ हौज़ ४ घंटे में रीता कर देता है अगर तीनों नल एकही साथ खोल दिये जावें तो हौज़ कितनी देर में भरेगा॥

यहां एक २ घंटे में अ. क हरएक मोरी $\frac{१}{३}$, $\frac{१}{१२}$ हौज़ भरती हैं और ग $\frac{१}{४}$ हौज़ खाली करती है ∴ ($\frac{१}{३}$ + $\frac{१}{१२}$) − $\frac{१}{४}$ = $\frac{१}{६}$ हौज़ : १ ::

१ घंटे : ६ घंटे उत्तर

(१५) एक खरगोश की ३ चौकड़ी बराबर हैं शिकारी कुत्ते २ चौकड़ियों के और जितने अर्से में खरगोश ४ चौकड़ी भरता है कुत्ता ३ खरगोश अपनी ५० चौकड़ी कुत्ते से आगे है बताओ कितनी डगों में कुत्ता उसे पकड़ लेगा॥

२ चौ० कु० : ३ चौ० कु० :: ३ चौ० ख० : ४$\frac{१}{२}$ चौ० खरगोश

∴ ४$\frac{१}{२}$ − ४ = $\frac{१}{२}$ $\frac{१}{२}$: ५० :: ३ : ३०० चौकड़ी उत्तर

अभ्यास के लिये प्रश्न

(१) अगर १ एकड़ के $\frac{४}{१५}$ हिस्से में २६ मन आलू पैदा हों तो २ $\frac{१}{२}$ जरीब मुरब्बा में कितने आलू पैदा होंगे १० वर्ग जरीब का एकड़ होता है॥

उत्तर २४ मन ३० सेर

(२) ६० रु० को एक बीघा धरती बेचने से असल क़ीमत का $\frac{२}{१३}$ नफ़ा हुआ बताओ असल क़ीमत क्या है॥ उत्तर ५१ रु० ३ आने

(३) मैंने एक घोड़ा जितने को मोल लिया था उसका $\frac{१}{६}$ नफ़ा लेकर देवदत्त के हाथ बेंच डाला फिर देवदत्त ने अपनी ख़रीद का $\frac{१}{९}$ नुक़सान उठाकर यज्ञदत्त के हाथ २ रु० ५ आने ४ पाई को बेंच डाला तो बताओ घोड़ा मैंने कितने को मोल लिया था॥ उत्तर २५ रु०

(४) ३ रु० ५ आने ८ पाई को ७ मर्दों और ५ औरतों और १७ लड़कों में इस तरह बांटो कि हर औरत को मर्द के हिस्से का $\frac{२}{३}$ और हर लड़के को औरत के हिस्से का $\frac{२}{३}$ मिले॥

उत्तर हर मर्द को ३ आने औरत को २ आने लड़के को १ आ० ४ पाई

(५) ऐसी कौन सी संख्या है जिसको $\frac{१}{३}$ से भाग दें और लब्धि में $\frac{१}{५}$ का भाग दें फिर इस दूसरी लब्धि में $\frac{१}{८}$ का भाग दें तो लब्धि ६६६ हो॥

उत्तर ११ $\frac{३}{२०}$

(६) कोई संख्या $\frac{७}{१२}$, २ $\frac{५}{८}$, $\frac{११}{१४}$, ५ $\frac{१}{१४}$ के गुणनफल के बराबर है तो उस संख्या के $\frac{५}{६}$ का $\frac{८}{२१}$ का $\frac{३}{५}$ हिस्सा क्या होगा॥ उत्तर ५ $\frac{२}{१५}$

(७) कोई आदमी १६ $\frac{३}{११}$ आने को एक हफ़्ते में मज़दूरी करता है तो ५ $\frac{१}{२}$ महीने में कितने की मज़दूरी करेगा॥ उत्तर २२ रु० ८ आने

(८) एक बज़ाज़ का $\frac{४}{५}$ असबाब आग में जल गया और बाक़ी असबाब के $\frac{७}{८}$ को पानी से नुक़सान पहुंचा जो असबाब बाक़ी अच्छा रहा उसको उसने असली क़ीमत पर बेंच डाला और जो माल नुक़सान हुआ था उसको आधी क़ीमत पर बेचा तब उसको २२५ रुपये मिले तो बताओ कुल में कितने का माल जलकर ख़राब हुआ॥ उत्तर १६०० रु०

(९) मोहन सोहन से कहता है कि मेरे रू० की १/३ = तुम्हारे रु० के २/५ के और मेरे पास ४ रु० ६ आने तुम से ज़ियादा हैं तो बताओ मोहन के पास क्या है॥

उत्तर २६ रु० ४ आने

(१०) एक भंगिन ने १६५ अंडे १ १/२ पैसे के २ के भाव से और २०० २ १/४ पैसे के ३ के भाव से ख़रीदे और दोनों को मिलाकर ३ १/२ के ५२ भाव मे बेंचडाले तो बताओ क्या नफ़ा या नुक़सान हुआ॥

उत्तर १८ १/४ पैसे नुक़सान

(११) कुछ नाज था जिसको १५०० आदमी १० हफ़्ते में खाते अगर हर शख़्स १ १/४ पाव रोज़ खाता तो बताओ इसी नाज़ को अगर २२५० आदमी इस तरह से खायें कि हर शख़्स १/२ पाव खाय तो कै हफ़्ते तक खायेंगे॥ उत्तर २० हफ़्ते॥

(१२) किसी होटल में बहुत से आदमियों ने खाना खाया और उनके बिल २८ रु० १३ आ० ९ पाई का पेश हुआ तब एक शख़्स ने अपने और अपने ३ दोस्तों के हिस्से के ५ रु० १५ आ० ५ पाई दिये बताओ सब खाने वाले कितने आदमी थे॥ उ० २८ आदमी

(१३) मोहन किसी काम को ५ १/३ दिन में और सोहन उसे ६ दिन में करता है दोनों ने मिलकर २ दिन काम किया और बैठ रहे तब तीसरा आदमी बाक़ी काम के वास्ते लगा लिया जिसने बाक़ी काम १ १/३ दिन में पूरा किया बताओ [illegible]

वही आदमी उसी दूरी को कितने दिन में जायगा। उ० ३०$\frac{६२५}{२५२}$ दिन

(१७) एक सेर के $\frac{१}{३+\frac{३}{५}}$ हिस्से के दाम ।=) २ पाई हैं तो १ मन के $२+\frac{५}{३+\frac{८}{९}}$ की क्या कीमत होगी॥ उत्तर २०२।=)८ $\frac{४}{७}$ पाई

(१८) अ मनुष्य एक काम को २१ दिन में पूरा बना सका है और क मनुष्य २८ दिन में पूरा बनाता है अब यही काम अ और क दोनों मिलकर बनाने लगे और ४ दिन मिलकर दोनों ने काम कियातब क चैरहा बताओ बाकी काम अ कितने दिन में करेगा ॥ उत्तर १४ दिन

(१९) एक कुंड में पानी आने के ३ झरने हैं जो क्रम से २-३-६ घंटे में उस हौज़ को भर देते हैं तो बताओ तीनों झरने एक साथ खोल दिये जायं तो हौज़ कितनी देर में भरेगा ॥ उत्तर १ घंटा

(२०) अ-क-ग- तीनि आदमी हैं जिन में से अ ४ दिन में और क ५ दिन में एक खेत को काट सक्ते हैं और तीनों मिलकर दो दिन में तमाम खेत काट देते हैं बताओ ग अकेला तमाम खेत कितने दिनों में काट लेगा ॥

उत्तर २० दिन

(२१) किसी संख्या में से उसका $\frac{१}{३}$ $\frac{१}{४}$ $\frac{१}{५}$ $\frac{१}{६}$ हिस्सा घटा देने से ६ बचते हैं वह संख्या क्या है॥ उत्तर १२०

(२२) किसी नदी के कनारे पर एक पेड़ था जिसका $\frac{१}{५}$ कीचड़ में और $\frac{१}{३}$ जल में और १४ हाथ जल के ऊपर था बताओ वह पेड़ कितना ऊंचा था

उत्तर ३० हाथ

(२३) एक आसन में १० सेर दूध था किसी आदमी ने उसमें से १ सेर दू[illegible] ले[illegible] पानी मिला दिया फिर दूसरे आदमी ने इस पानी मिले [illegible] में से २ सेर दूध निकालकर दो ही सेर पानी मिला दिया तब एक ती[illegible] [illegible]ने इस दूध पानी में से ३ सेर दूध लेकर ३ सेर पानी मिला[illegible] तो बताओ अंतपर कितना दूध और कितना पानी रहा॥

उत्तर ५$\frac{१}{२५}$ सेर दूध और ४$\frac{२४}{२५}$ सेर पानी

(२४) मोहन सोहन मिलकर एक काम को ५$\frac{५}{११}$ दिन में और मोहन राधा मिलकर ६ दिन में और सोहन राधा मिलकर ६$\frac{२}{३}$ दिन में करते हैं बतलाओ हरएक अलग २ और तीनों मिलकर उस काम को कितने २ दिनों में करेंगे॥

उत्तर मोहन १० दिन में. सोहन १२ दिन में. राधा १५ दिन में और तीनों मिलकर ४ दिन में॥

(२५) एक शख़्स किसी जहाज़ के $\frac{१}{४}$ का $\frac{४}{५}$ के हिस्से का मालिक है अगर उस जहाज़ की क़ीमत ५१६११ रु. १४ आने है वह जहाज़ किसी बन्दरगाह में जाकर अपनी असली क़ीमत के $\frac{५}{६}$ हिस्से पर बेच गया बताओ उस हिस्सेदार को अपने हिस्से के बाबत क्या मिला॥

उत्तर ८६११ रु. १५ आने ८ पाई

(२६) दो बराबर वज़न के संदूक़ हैं और उनमें एक ही क़िस्म की चाय भरी है पहले यह बात ठहरी थी कि ज़ैद एक संदूक़ के $\frac{४}{५}$ और उमर $\frac{५}{६}$ और बकर बाक़ी लेले मगर बकर के हिस्से में से $\frac{८}{११}$ ज़ैद ने और $\frac{३}{११}$ उमर ने ख़रीद लिये तो बताओ हरएक के पास कितनी चाय है॥

उत्तर ज़ैद के पास १$\frac{१}{१५}$ संदूक़. उमर के पास $\frac{८}{९}$ संदूक़ और बकर के पास $\frac{१}{०}$ संदूक़॥

(२७) किसी शख़्स ने एक काम के $\frac{५}{८}$ हिस्से को ११ दिन में बनाया फिर उसका एक मददगार आगया जिससे वह काम ४ दिन में पूरा हो गया बताओ हरएक आदमी पूरा काम कितने २ दिनों में करेगा॥

उत्तर पहला १७$\frac{३}{५}$ दिन में और दूसरा २७$\frac{१}{१३}$ दिन में

(२८) मोहन और सोहन में से हरएक एक काम को २४ दिन में बना सके। मोहन और सोहन ने ६ दिन तक तो मिलकर काम किया फिर मोहन चला गया और राधा ने सोहन के साथ ३ दिन तक काम किया फिर सोहन भी [illegible] में [illegible] गया और राधा ने २ दिन में काम पूरा होगया अगर ये तीनों मिलकर इस काम को करें

तो कितने दिनों में करते ॥ उत्तर ८ दिन में

(२९) अगर ६ मर्द या १० औरतें एक काम को १२ दिन में बनावें तो ४ मर्द और २० औरतें उससे दुगने काम को कितने दिनों में बनावेंगे॥ उ० २० दिन

(३०) दो घड़ियां हैं एक हररोज़ ३ मिनट तेज़ और दूसरी २ मिनट सुस्त चलती है वह दो पहर को ठीक १२ बजे की तोप पर मिलाई गई तो बताओ एक हफ़्ते के बाद जिस वक़्त दूसरी घड़ी में दो पहर होगा तब पहिली में क्या वक़्त होगा॥ उत्तर १२ बजे या ३५ मिनट २ $\frac{६१२}{६१९}$ सिकंड

दशमलव

(१) जिन भिन्नों के हर १० या १० के कोई घात हो उन भिन्न संख्याओं को दशमलव कहते हैं॥

(२) दशमलव संख्या में हर के शून्यों के समान अंश में अंक रखके उनके बांई ओर एक ऐसा (॰) निशान कर देते हैं और केवल अंश की संख्या लिखकर हर की संख्या नहीं लिखते यथा $\frac{३}{१०}$ $\frac{३}{१००}$ को ॰३ और ॰०३ यों लिखते हैं॥

(३) भिन्न और दशमलव में केवल इतना अंतर है कि दशमलव का हर एक नियम के अनुसार रहता है और केवल अंश की संख्या लिखी जाती है और भिन्न के हर का कोई नियम नहीं सब अंक होते हैं और हर अंश दोनों लिखने होते हैं॥

(४) दशमलव संख्या दो प्रकार की हैं एक दशमलव अनावर्त और दूसरा आवर्त- आवर्त इस शब्द के अर्थ गोलाई के हैं- अनावर्त दशमलव वे संख्या हैं कि जो अपने रूप में नियत अंक रखते हैं इनका हर भी १० का कोई घात ही रहता है अथवा १० के गुणक खंड २ या ५ या कोई घात या इनके घातों का गुणनफल होता है क्योंकि २ या ५ की कोई घात संख्या को अगर १० की घात संख्या के रूप में लाना हो तो किसी अंक से गुणने या भाग देने से अवश्य निकल आवेगा और यह बात भिन्न के बयान में लिख कर आये हैं कि किसी भिन्न संख्या के हर और अंश को किसी एक ही अंक से गुणा दें तो उसके मान में अंतर नहीं होता

आवर्त दशमलव में कुछ स्थान दशमलव संख्या के ऐसे नियत रहते हैं जो बार २ लिखने की आवश्यकता रहती है उनका अंत कभी नहीं होता इसी वास्ते उन नियत स्थानों को लिखकर उनके ऊपर आदि और अंत पर ऐसा (·) निशान कर देते हैं अथवा जितने स्थान आवर्त हैं उनके ऊपर एक लकीर खींच देते हैं इन दशमलव संख्याओं का हर भिन्न में १० वा १० कोई घात नहीं रहता अर्थात उनके हर की संख्याओं को कितनेही से गुणों १० का कोई घात न होंगे॥

(५) अनावर्त दशमलव के योग अन्तर गुणन भाग इत्यादि के कायदे भिन्न से जुदे हैं परन्तु आवर्त दशमलव के सब कायदे दशमलव को भिन्न के रूप में लाकर ही होते हैं—इसी वास्ते आवर्त को छोड़ प्रथम अनावर्त दशमलव की सब क्रियाओं को लिखते हैं और हकीक़त में इसीवास्ते अनावर्त दशमलव ही दशमलव के नाम से कहा जा सक्ता है क्योंकि वह भिन्न से जुदा है आवर्त दशमलव तो केवल भिन्न को दूसरे रूप में लिखता है॥

(६) दशमलव संख्या के दाहिने ओर शून्य अधिक करने से मान में कुछ फ़र्क़ नहीं होता परन्तु बाईं ओर शून्य बढ़ाने से प्रति शून्य मान दशवां हिस्सा होजाता है जैसे ·३ और ·३० वा ·३०० का मान एकही है परंतु ·३ से ·०३ दशवां भाग और ·०३ से ·००३ दशवां भाग है

दशमलव संख्याओं को भिन्न के रूप में लाने की रीति

(७) दशमलव की संख्या को अंश के स्थान में रक्खो और हर में जितने स्थान दशमलव के हैं उतने शून्य एक के अंक पर दाहिनी ओर लगाओ अगर लघुतम रूप हो सक्ता हो तो कर दो यही भिन्न संख्या दशमलव संख्या के समान होगी॥

(उदाहरण) ·३ और ·००२५ को दशमलव के रूप में लाओ॥

$·३ = \frac{३}{१०}$, $·००२५ = \frac{२५}{१००००} = \frac{१}{४००}$

(२उदाहरण) ३·२५ को दशमलव के रूप में लाओ

$३·२५ = \frac{३२५}{१००} = \frac{१३}{४} = ३\frac{१}{४}$ अथवा $३·२५ = ३\frac{२५}{१००} = ३\frac{१}{४}$

अभ्यास के लिये प्रश्न

नीचे लिखी दशमलव संख्याओं को भिन्न बताओ

(१) ·९· ·५· ·०१५· ·४७· २·७६· १२·०००१२

(२) ·००३२५· ·२४५· ·८००५· १२५· ५००१

उत्तर (१) $\frac{९}{१०}$· $\frac{१}{२}$· $\frac{३}{२००}$· $\frac{४७}{१००}$· २ $\frac{७६}{१००}$· १२ $\frac{३}{२५०००}$

उत्तर (२) $\frac{१३}{४०००}$· $\frac{४९}{२००}$· $\frac{१६०१}{२०००}$· १२५ $\frac{५००१}{१००००}$

दशमलव योग

(८) जिन दशमलव संख्याओं का योग करना है उनको एक दूसरे के नी
इस प्रकार से रक्खो जो सब का दशमलव स्थान एक सीधामें रहे तब पूर
के जोड़ की भांति जोड़ कर के दशमलव बिन्दु के नीचे दशमलव बिन्दु र
दो वही योग होगा॥

(उदाहरण) ·५२५· ·००३२५· २·०१८९· ·९८७६५४ को जोड़ो

(उदाहरण२) २५·००२५८

·५२५	३४८·७८९२५७
·००३२५	३२·
२·०१८९	·५४३८
·९८७६५४	·०००००२५
३·५३४८०४	४०६·३३५६६२

अभ्यास के लिये प्रश्न

नीचेकी संख्याओं का योग करो

(१) ·०७· २७२· १·२७१· ·०००१· ७२०·१

(२) ३१३· ·००२७· ·७५· ·१८७· ७·५०४· ·००१४

(३) ·००००४· ६·१८८५· ·००५· ·००८०१· ५०·६

(४) १०३·०८ ३७३· १७· ६६६०· ·०००३०२५ २१·७४

(५) ५·०००० २५·००००५८६३·३·००१०५३,६०००·२०·०००० ५

उत्तर

(१) ६६६३·४४११ (२) ३२१·३५५१·(३) ५३·०२१४५

(४) १४५·७४३०३२५ (५) ८३८·००४६७६३

दशमलव संख्याओं का अंतर

(१०) वियोज्य के नीचे वियोजक को इस भांति से रक्खो जो दशमलव चिन्ह एक सांध में रहे तब दोनों को घटाकर दशमलव के स्थान पर दशमल . रख दो वही अंतर होगा यदि वियोज्य में दशमलव स्थान कम तो वियोजक के बराबर शून्य मान लो॥ (उदाहरण) ३२·००२१ में से ५·८०३२१८५ घटाओ

$$\begin{array}{r} 32.0021000 \\ 5.8032185 \\ \hline 26.1988815 \end{array}$$ उत्तर

अभ्यास के लिये उदाहरण

१) २·३५+१·१७ (२) ३००−२·८५७ (३) ·००१−·०००६

४) १०००−·०००१ (५) ७००·२५−१२४·१२३७५

उत्तर

१) १·५८ (२) २९८·१४३ (३) ·०००१ (४) ६६६·६६६६ (५) ५७६·१२६२५

दशमलव गुणा

(११) दशमलव की दोनों ओर की संख्याओं को पूर्वोक्त की भांति गुणा कर गुणनफल में दाहिने ओर से इतने स्थान गिनकर (जितने कि गुण्य गुणक दोनों में मिलकर हों) दशमलव बिन्दु लगा दो यदि गुणनफल में अंक कम हों तो बाईं ओर जितने अंक कम हैं उतने शून्य लगाकर बिन्दु लगाओ यही गुणनफल होगा॥

उदाहरण (१)

$$\begin{array}{r} 8.25 \\ 2.51 \\ \hline 825 \\ 4125 \\ 1650 \\ \hline 20.7075 \end{array}$$

उदाहरण (२)

$$\begin{array}{r} 8.25 \\ .25 \\ \hline 4125 \\ 1650 \\ \hline 2.0625 \end{array}$$

